निबंधन एवं शर्तें

<u>मुख्य परामर्शदाता</u>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में भारत कोविड- 19 आपातकालीन प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी परियोजना में योगदान देने के लिए मुख्य परामर्शदाता की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, मुख्य परामर्शदाता परियोजना संबंधी गतिविधियों के लिए **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** के अंतर्गत एक राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (एनपीएमयू) का हिस्सा होगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी),नई दिल्ली, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से विशुद्ध रूप से संविदागत आधार पर उपर्युक्त उल्लिखित पद हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांग रहा है।

क. परियोजना की पृष्ठभूमि और उद्देश्य

वुहान हुबई प्रांत, चीन में प्रारंभिक मामलों का पता लगने के बाद, दिसंबर 2019 के बाद से गंभीर श्वसन संबंधी सिंड्रोम कोरोनावायरस 2 (सार्स-कोव-2) वायरस के कारण कोरोना वायरस रोग 2019 (कोविड- 19) का प्रकोप पूरे विश्व में तेजी से फैल रहा है। । भारत में कोविड-19 के मामलों की तीव्र बढ़ोत्तरी के प्रत्युत्तर में , भारत सरकार (जीओआई) द्वारा भारत कोविड -19 आपातकालीन प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी परियोजना की शुरुआत की गई है। परियोजना का उद्देश्य कोविड- 19 द्वारा उत्पन्न खतरे को रोकना, इसका पता लगाना और इसका प्रत्युत्तर देना है और भारत में तैयारी के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत बनाना है।

ख. कार्यक्षेत्र

मुख्य परामर्शदाता निम्नलिखित कार्यों के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा इसकी तीन कार्यान्वयन एजेंसियों- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), राष्ट्रीय रोग नियत्रंण केंद्र (एनसीडीसी) और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के साथ मिलकर कार्य करेगा।

दायित्व:

- एनपीएमयू के कार्यात्मक और प्रशासनिक पहलुओं का प्रबंधन करना। एनपीएमयू के दिन- प्रतिदिन के निरीक्षण में प्रभारी अधिकारी को सहयोग करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और परियोजना के तहत राज्यों को तकनीकी सहायता और कार्यक्रम संबंधी सहायता प्रदान करना है।
- दिशा- निर्दशों, निबंधन एवं शर्तो, टेम्पेलेट्स, राज्यों को दिशा निर्देश दस्तावेजों के साथ- साथ प्रपत्रों का विकास और अद्यतन तथा उन राज्यों को सहयोग देना जो इस परियोजना के तहत कार्यकलापों संबंधी एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली सूचना रिर्पोटिंग प्लेटफार्म का उपयोग करते हैं।
- राज्यों द्वारा रिर्पोटों के साथ- साथ कार्यान्वयन समर्थन मिशन द्वारा चिन्हित मुद्दों पर की गई कार्रवाई संबंधी परियोजना संचालन समिति को तिमाही अद्यतन सूचना प्रदान करना।
- परियोजना की आवश्यातानुसार, परियोजना गवर्निंग समिति, परियोजना संचालन समिति की बैठकें, समीक्षा बैठकें तथा कार्यशालाएं आयोजित करना।
- स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं पर स्थितिपरक विश्लेषण में सहयोग करना। इस परियोजना तथा स्थितिपरक विश्लेषण द्वारा उत्पन्न प्रस्तावों/ कार्यनीतियों के कार्यान्वयन और विकास को सुगम बनाना।

- महामारी विज्ञान संबंधी डेटा की समीक्षा तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और कार्यान्वयन एजेंसियों को फीडबैक प्रदान करना।
- परियोजना संकेतक से संबंधित मासिक डैशबोर्ड के साथ- साथ की गई प्रगति तथा सहमत लक्ष्यों के आधार पर तिमाही रिर्पोट की समीक्षा करना तथा इसे नियमित तौर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ साझा करना।
- कार्यान्वयन संस्थाओं को बजट के साथ- साथ अनुमोदित वार्षिक कार्य योजनाओं का समेकन और प्रसार सुनिश्चित करना तथा परिणाम ढांचों के आधार पर तिमाही प्रगति रिर्पोट तैयार करना।
- कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ परामर्श द्वारा योजना की तैयारी को सुनिश्चित करना।
- पर्यवेक्षकों द्वारा सौपें गए कार्यों / अन्य किसी क्रियाकलापों को करना।

अनिवार्य अर्हता/ आवश्यकताएं

- क्मयूनिटी मेडिसीन या प्रीवेंन्टिव एंड सोशल मेडिसीन में एमबीबीएस सहित एमडी या सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन/ एमपीएच/ एमबीए (हेल्थ एंव हॉस्पिटल मेनेजमेंट) ।
- न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव जिसमें से संक्रामक रोग में 3 वर्षों का सुसंगत अनुभव।

अधिमान्य अर्हता/ कौशल

- राष्ट्रीय/ राज्य के स्तर पर जन स्वास्थ्य कार्यक्रम में अनुभव।
- कोविड आपातकालीन प्रतिक्रिया में संबंधित अनुभव वांछनीय होगा।
- डब्ल्यूबी, एडीबी इत्यादि डोनर एजेंसियों के साथ कार्य करने का अनुभव होना एक अतिरिक्त लाभ होगा।

रिपोर्टिंग: नोडल अधिकारी कोविड -19, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, मुख्य परामर्शदाता का समग्र प्रभारी होगा।

आयु: 50 साल तक और व्यापक रुप से यात्रा करने के लिए तैयार ।

पद संख्या: 01

पारिश्रमिक: अधिकतम 170,000 /- रुपए प्रति माह

स्थान: दिल्ली

आवेदन करने के लिएः

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 18-Dec-2020 तक केवल npmu.covid.01@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।